cil have recently visited various States to pursue the proposal for decentralisation of the planning set up in the States; and

(b) if so, what are the details in this regard?

THE MINISTER OF PLANNING (SHRI P. C. SETHI): (a) and (b) Dr. K. N Raj, a member of he Economic Advisory Council, has discussed the proposal at a meeting organised in the Madras Institute of Development Studies at Madras on the 20th July, 1984. This meeting was attended by experts including some State Government officials.

भूमिगत खनिजों का अत्याधिक दोहन करने के खतरों के सम्बन्ध में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन

435. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान हाल में वेनिस में आयोजित जल-वैज्ञानिकों, भू-वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और मृदा-वैज्ञानिकों के अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की उस रिपोर्ट की ओर दिलाया गया है जिसमें कहा गया है कि भूमिगत खनिज के अत्याधिक दोहन से जमीन धंसने तथा तटबन्धों और भवनों को खतरा पैदा हो जायेगा; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है और इस सम्बन्ध में वह क्या उपाय करने का विचार रखती है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एन० के० पी० साल्वे) : (क) और (ख) प्रश्न में यथाकथित वेनिस में हाल ही में हुए जल-वैज्ञानिकों, भूविज्ञानियों, इंजीनियरों तथा मृदा-वैज्ञानिक के ऐसे किसी अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की भारत सरकार को जानकारी नहीं है। परन्तु, खनिज विदोहन से उत्पन्न गर्त्तों के ऊपर की परत यथेष्ट मोटी और धंसान सक्षम न होने की स्थिति में खनिजों के दोहन से जमीन धंसने के सहज परिणाम से इन्कार नहीं किया जा सकता। खनिजों के दोहन से खोखली हुई जगह का बालू या अन्य ठोस पदार्थों से भराव किया जाता है।

खनन कानूनों में सार्वजनिक निर्माण स्थलों यथा–रेल, सड़क मार्गों, तटबन्धों, भवनों आदि की सुरक्षा के लिए विशेष सावधानी लिए जाने का प्रावधान है तथा ऐसे स्थानों के नीचे के खनिजों का दोहन नहीं किया जाता है।

हरिजनों का इस्लाम धर्म में धर्मपरिवर्तन कराने के लिए अरब पैट्रो डालरों का उपयोग

436. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या गृह मंत्री 3 मार्च, 1934 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 165 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार को तमिलनाडु में हरिजनों का इस्लाम धर्म में धर्मपरिवर्तन कराने के लिए अरब पैट्रोडालरों के उपयोग के सम्बन्ध में सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा से प्राप्त प्रतिवेदन पर तमिलनाडु सरकार के विचार प्राप्त हो गये हैं; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रामदुलारी सिन्हा) : (क) और (ख) तमिलनाडु सरकार ने रामनाथ पुरम जिले में आदि द्रविदारों के इस्लाम धर्म में बड़ी संख्या में धर्म परिवर्तन करने से सम्बन्धित मामले की जांच की है। तमिलनाडु सरकार के अनुसार प्रतीत होता है कि आदि द्रविदार अरब देशों में लाभकारी रोजगार के भावी अवसरों से काफी प्रभावित हैं जो मुस्लिम